मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-31
09/01/2023

मुख्यमंत्री ने समाधान यात्रा के क्रम में सारण जिले की समीक्षात्मक बैठक की

पटना, 09 जनवरी 2023 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने समाधान यात्रा के क्रम में सारण जिले में विभिन्न विभागों द्वारा चलाए जा रहे विकास कार्यों की प्रगति के संबंध में छपरा के समाहरणालय सभाकक्ष में समीक्षात्मक बैठक की।

बैठक में सारण जिले के विधायकगण/विधान पार्षदगण तथा विभिन्न विभागों के अपर मुख्य सचिव/प्रधान सचिव/सचिव शामिल हुए।

बैठक में सारण जिले के जिलाधिकारी श्री राजेश मीणा ने प्रस्तुतीकरण के माध्यम से जिले में विभिन्न विभागों के माध्यम से चल रही विकास योजनाओं के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने हर घर नल का जल, हर घर तक पक्की गली–नालियां, बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना, मुख्यमंत्री निश्चय स्वयं सहायता भत्ता योजना/कुशल युवा कार्यक्रम, सात निश्चय–1 के तहत जिले में निर्माण किए जानेवाले भवनों की स्थिति, पॉलिटेक्निक संस्थानों में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की स्थापना, औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की स्थापना, मत्स्य संसाधन का विकास, मुख्यमंत्री उद्यमी योजना, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के शैक्षणिक उत्थान के लिए आवासीय विद्यालय, मुख्यमंत्री अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति छात्रावास अनुदान योजना, महादलित सामुदायिक भवन सह वर्क शेड योजना, जीविका समूह का गठन, मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना, उच्चतर शिक्षा हेतु महिलाओं को प्रोत्साहन, अल्पसंख्यक छात्रावास योजना, मुख्यमंत्री अल्पसंख्यक छात्रावास अनुदान योजना, अल्पसंख्यक मुस्लिम परित्यक्ता/तलाकशुदा महिला सहायता योजना, मुख्यमंत्री अल्पसंख्यक रोजगार ऋण योजना, मुख्यमंत्री पिछड़ा वर्ग व अत्यंत पिछड़ा वर्ग छात्रावास योजना, अन्य पिछड़ा वर्ग कल्याण छात्रावास योजना (पिछड़ा एवं अत्यंत पिछड़ा वर्ग के लिए), जननायक कर्पूरी ठाकुर छात्रावास योजना (अति पिछड़ा वर्ग हेतु) सहित अन्य योजनाओं के संबंध में जानकारी दी।

बैठक में शामिल जनप्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री के समक्ष अपने–अपने क्षेत्र की समस्याएं रखीं। जनप्रतिनिधियों की समस्याओं के समाधान हेतु मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया।

बैठक में मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि छात्रों को सरकार द्वारा मिलनेवाली प्रोत्साहन राशि का भुगतान ससमय हो, इस पर विशेष ध्यान दें। जो भी सरकारी स्कूल भवन जर्जर हैं, खराब स्थिति में हैं, उसको ठीक कराएं। धान अधिप्राप्ति का कार्य भी ठीक ढंग से कराएं ताकि किसानों को किसी प्रकार से दिक्कत नहीं हो। नल–जल योजना का क्रियान्वयन बेहतर ढंग से हो, इसपर नजर रखें। जनप्रतिनिधियों ने जो समस्याएं रखी हैं उसपर भी ध्यान दें और उसका समाधान करें।

इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री श्री तेजस्वी प्रसाद यादव, वित्त, वाणिज्य कर एवं संसदीय कार्य मंत्री श्री विजय कुमार चौधरी, जल संसाधन मंत्री श्री संजय कुमार झा, विज्ञान एवं प्रावैधिकी मंत्री सह सारण जिले के प्रभारी मंत्री श्री सुमित कुमार सिंह, अल्पसंख्यक कल्याण

मंत्री मोहम्मद जमा खान, कला संस्कृति एवं युवा विभाग के मंत्री श्री जितेंद्र कुमार राय, श्रम संसाधन मंत्री श्री सुरेंद्र राम सहित सारण जिले के विधायकगण/विधान पार्षदगण, अन्य प्रतिनिधिगण, मुख्य सचिव श्री आमिर सुबहानी, पुलिस महानिदेशक श्री आर0एस0 भट्टी, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ० एस० सिद्धार्थ, संबंधित विभागों के अपर मुख्य सचिव/प्रधान सचिव/सचिव, मुख्यमंत्री के सचिव श्री अनुपम कुमार, मुख्यमंत्री के विशेष कार्यपदाधिकारी श्री गोपाल सिंह, आयुक्त सारण प्रमंडल श्रीमती पूनम, पुलिस उपमहानिरीक्षक सारण रेंज श्री विकास कुमार, जिलाधिकारी छपरा श्री राजेश मीणा, पुलिस अधीक्षक छपरा, श्री गौरव मंगला सहित अन्य वरीय अधिकारीगण उपस्थित थे।

समीक्षा बैठक के बाद मुख्यमंत्री ने पत्रकारों से बातचीत करते हुये कहा कि सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं को हमने कई जगहों पर जाकर देखा है। जीविका दीदियों के साथ संवाद भी किया है। अधिकारियों के साथ भी हमने बैठक की है। बैठक में विभिन्न पार्टियों के एम0एल0ए0 और एम0एल0सी0 ने भी हमारे समक्ष अपनी बातें रखी हैं। सरकार द्वारा कराये जा रहे काम की क्या स्थिति है, कितना काम हुआ है, इन सब चीजों के बारे में मुझे जानकारी दी गई है। सभी बातों को लेकर हमने अधिकारियों को निर्देश दिया है कि जो बातें यहां की बैठक में सामने आयी है उस पर समुचित कार्रवाई की जाय। हमारी यात्रा का मकसद ही यही है कि कितना काम हुआ है, कितना काम अभी भी बचा हुआ है और आगे विकास के लिए और क्या किया जाना चाहिए। आज की यात्रा काफी अच्छी रही। सभी जगहों पर हमने लोगों से मुलाकात की है। कहीं किसी को कोई दिक्कत सामने आ रही है तो उसे भी हमलोग देख रहे हैं।

******